तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

रेत ठेकेदारों को अब चार किस्तों में जमा करनी होगी रॉयल्टी की राशि



## खबर संक्षेप

### सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता हेतु चयन ट्रायल आज

**कोरबा।** 15वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के चयन के लिए सिलेक्शन ट्रायल आगामी 27 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता तिथि 6 एवं 7 दिसंबर, प्रतियोगिता स्थल बिलासपुर, आयोजक नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ एवं नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन बिलासपुर, कोरबा ट्रायल की तिथि 27 नवंबर समय सुबह 9 बजे से, पीजी कॉलेज में निर्धारित किया गया हैं। ट्रायल में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों के पास नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया का वैध रजिस्ट्रेशन नंबर होना अनिवार्य है। सिलेक्शन ट्रायल आयोजित कराने की जिम्मेदारी एडहॉक कमेटी ने नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सचिव राजेश राठौर को सौंपी है।

### कमला नेहरू कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप आज

**कोरबा।** कमला नेहरू महाविद्यालय में 27 नवंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से 9 नियोजकों उत्कर्ष स्मॉल फायनेंस बैंक कोरबा, फोन पे कोरबा, रोजगार सृजन कोरबा, सिटी डेंटल कोरबा, प्राईमरिका लाईफ इंश्योरेंस कोरबा, एस.बी. इंटरप्राइजेस कोरबा, रेडमून क्लब इंटरनेशनल प्राईवेट लिमि. कोरबा, कैलाश ऑटो एजेंसी कोरबा, वेदान्ता स्कील स्कूल लर्नेट स्कील लिमिटेड कोरबा के द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय के टेलीग्राम ग्रुप पर जुड़ सकते हैं। इच्छुक आवेदक-आवेदिकाएं उक्त तिथि को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक कमला नेहरू कॉलेज कोरबा में उपस्थित होकर अपने योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### ई-साइन सुविधा का उपयोग अनिवार्य, भ्रम न फैलाएं

**कोरबा।** भारत निर्वाचन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से मतदाता फार्म 6, 7 एवं 8 भरते समय आधार आधारित ई-साइन सुविधा का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया है। तदनुसार, आयोग द्वारा जारी उक्त निर्देशों को सभी संबंधित अधिकारियों और मतदाताओं के संज्ञान में लाकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं के मध्य यह गलत सूचना फैलायी जा रही है कि केवल विशेष रंग की स्याही या पेन से ही गणना पत्रक भरा जा सकेगा, अन्यथा उनका फार्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि गणना पत्रक भरने के लिए किसी भी विशेष स्याही या पेन का उपयोग मतदाताओं या बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अनिवार्य नहीं है। आयोग ने इस संबंध में कोई निर्देश जारी नहीं किया है। मतदाताओं में फैली इस भ्रांति को दूर करने और सही जानकारी पहुँचाने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों से आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है।

### ऑनलाइन टोकन और सुव्यवस्थित खरीदी से किसान खुश

**कोरबा।** ग्राम रोगबहरी गांव के परिश्रमी किसान इस वर्ष धान बिक्री को लेकर बेहद उत्साहित हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने से उनकी उम्मीदें और भी प्रबल हुई हैं। समय पर खाद-बीज मिलना, अच्छी बरसात होना और पूरे मन से की गई खेती-इन सबने मिलकर उनकी फसल को भरपूर उपज दी है।अपनी मेहनत से उपजाए फसल का कटाई का काम पूरा हो चुका है। अब वे धान को खलिहान ले जाकर मिसाई की तैयारी में हैं और जल्द ही सोनपुरी (जामबहार) उपार्जन केंद्र में विक्रय करने वाले हैं। किसान अरुण कुमार के पास लगभग 4 एकड़ जमीन है। परिवार में 5 सदस्य हैं और खेती के साथ-साथ वे परिवार के भरण-पोषण के लिए बालको प्लांट में बाह्य मजदूर के रूप में काम करते हैं।

# बीते वर्ष धान बेचने वाले 17 सौ किसानों की खरीदी शुरु होने के बाद भी नहीं हुआ पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बीते वर्ष की धान खरीदी में धान बेचने वाले 44 हजार किसानों में 1764 किसान ऐसे सामने आये हैं जिनका खरीदी शुरु होने के एक सप्ताह बाद भी एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। तकनीकी कारणों के कारण अभी भी ऐसे किसान समिति से लेकर पटवारी तहसील और कृषि विभाग का चक्कर काट रहे हैं।

किसान धान बेचने से वंचित न हो सके इसलिए सरकार ने रिकार्ड सुधार पंजीयन की तिथि भले ही 30 नवंबर तक बढ़ा दी है लेकिन किसानों की समस्याएं कम नहीं हो रही है। कृषि विभाग, राजस्व विभाग दो विभागों के द्वारा किसानों की पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है लेकिन समस्याएं राजस्व विभाग को लेकर बनी हुई है। फार्मर आईडी बनाने से लेकर गिरदावरी और एग्रोटेक पंजीयन पोर्टल जैसी प्रक्रिया राजस्व विभाग के द्वारा ही पूरा किया जाना था। क्योंकि जमीनों की रिकार्ड से संबंधित सारे कार्य राजस्व विभाग के द्वारा किया जाता है। एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन एक बड़ी समस्या के रुप में किसानों के सामने आयी है। इसमें वन अधिकार पत्रधारी किसानों का पंजीयन नहीं हो रहा है। परिणाम स्वरुप इसका सबसे बड़ा उदाहरण वे किसान हैं जिन्होंने पिछले वर्ष धान बेचा था और इस वर्ष धान बेचने से वंचित हो गए हैं सरकारी रिकार्ड के अनुसार पिछले वर्ष 44 हजार 4 सौ किसानों ने धान बेचा था और उनमें से 1764 किसान ऐसे सामने आये हैं जिनका आज तक तकनीकी कारणों से एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो सका है।

## 30 नवंबर तक बढ़ाई गई पंजीयन की तिथि

**खास बातें**

- तकनीकी कारणों से एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन की प्रक्रिया अटकी
- 44 हजार किसानों ने बेचा था पिछले वर्ष धान



**भटक रहे हैं किसान**

धान बेचने के लिए किसान अपने पंजीयन के लिए भटकते फिर रहे हैं। सही और अधिकृत जानकारी देने के लिए किसी भी विभाग के पास अधिकृत जानकारी नहीं है। किसान जमीन के रिकार्ड को लेकर पटवारी के पास जा रहे हैं तो वह तहसील कार्यालय भेज देता है और वहां से किसान को कृषि विभाग भेज दिया जाता है। ऐसे तीन स्थानों का चक्कर काट रहे हैं।

## ग्राम निवेश विभाग से लेआउट पास कराकर निगम से लेनी होगी अनुमति

# बिना अनुमति बैचिंग प्लांट निर्माण कोरबा पश्चिम संयंत्र को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम निवेश विभाग व नगर निगम के बिना अनुमति कोरबा पश्चिम संयंत्र में बैचिंग प्लांट की स्थापना व संचालन को लेकर नगर निगम ने कोरबा पश्चिम संयंत्र प्रबंधन के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में संयंत्र प्रबंधन को नियमानुसर विधिवत रूप से ग्राम निवेश विभाग से लेआउट पास कराकर नगर निगम से संयंत्र स्थापना की अनुमति लेने व तब तक निर्माण कार्य पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है।

**खास बात**

- विधिवत अनुमति प्राप्त करने तक करना होगा प्लांट निर्माण व संचालन का कार्य बंद

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम संयंत्र परिसर में बिना अनुमति बैचिंग प्लांट शुरू करने का मामला सामने आया था। संयंत्र में बैचिंग प्लांट लगाने के लिए ना ही जिला स्थल अनुमोदन समिति से अनुमति ली गई है और ना ही नगर निगम के भवन निर्माण शाखा में किसी भी प्रकार के संयंत्र निर्माण की अनुमति के लिए आवेदन दिया गया है। बिना अनुमति के ही बैचिंग प्लांट का संचालन किए जाने की खबर को हरिभूमि ने 14 नवंबर को कोरबा पश्चिम संयंत्र में बिना अनुमति हो रहा बैचिंग प्लांट का संचालन नामक शीर्षक के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशन के बाद ग्राम निवेश विभाग व नगर निगम के भवन निर्माण शाखा हरकत में आया और बिना अनुमति बैचिंग प्लांट स्थापना व संचालन को गंभीरता से लेते हुए कोरबा पश्चिम संयंत्र प्रबंधन के खिलाफ 24 नवंबर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि संयंत्र प्रबंधन नियमानुसार विधिवत रूप से ग्राम निवेश विभाग से लेआउट पास कराकर निगम से संयंत्र स्थापना की अनुमति लेने के बाद ही संयंत्र स्थापना व संचालन का काम शुरू करे, तब तक बैचिंग प्लांट विस्थापना व संचालन का काम बंद रखा जाए। यहां बताना होगा कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले कोरबा पश्चिम संयंत्र परिसर में विस्तार परियोजना का काम किया जा रहा है। संयंत्र में 1320 मेगावाट विस्तार संयंत्र के लिए 660 मेगावाट की दो नई सुपर क्रिटिकल इकाईयों की स्थापना होती है। संयंत्र निर्माण का काम भेल (भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड) नामक कंपनी को दिया गया है। भेल द्वारा निर्माण के अलग अलग कार्यों को अन्य निजी कंपनियों को ठेके पर दिया गया है। निजी कंपनियों द्वारा संयंत्र परिसर में बिना अनुमति के बैचिंग प्लांट की स्थापना कर उसका संचालन किया जा रहा है।

संयंत्र परिसर में दो बैचिंग प्लांट की स्थापना की गई है और इन बैचिंग प्लांटों का संचालन भी शुरू कर दिया गया है। गेमन नामक निजी कंपनी को भी भेल द्वारा संयंत्र निर्माण का काम दिया गया है। सूत्रों की माने तो गेमन व जीओ स्पार द्वारा बिना अनुमति बैचिंग प्लांट की स्थापना की गई है और प्लांट का संचालन भी किया जा रहा है। इस प्लांट से रोजाना बड़ी मात्रा में डस्ट उड़कर दर्री क्षेत्र में प्रदूषण फैला रहा है। संयंत्र परिसर के समीप स्थित बस्तीवासी बैचिंग प्लांट से होने वाले प्रदूषण की समस्या से जूझ रहे हैं।

हरिभूमि फॉलोअप



जिला स्थल अनुमोदन समिति व भवन निर्माण शाखा से नहीं ली गई अनुमति

कोरबा पश्चिम संयंत्र में बिना अनुमति किया जा रहा बैचिंग प्लांट का संचालन

स्थल अनुमोदन समिति से अनुमति जरूरी

नहीं ली गई अनुमति

प्रोजेक्ट मैनेजर देंगे जानकारी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर की कतरन।

**स्थल अनुमोदन समिति से अनुमति जरूरी**

किसी भी ऊंची चिमनी वाले संयंत्र की स्थापना के लिए पहले जिला अनुमति स्थल सदन में आवेदन करना होता है। बैचिंग प्लांट के लिए लगभग 200 मीटर ऊंची चिमनी का निर्माण किया जाता है। स्थल अनुमोदन समिति में शामिल नगर ग्राम निवेश (टाउन इन कंट्री प्लानिंग) विभाग द्वारा आवेदन के बाद ले आउट तैयार किया जाता है। इसी ले आऊट के साथ नगर निगम के भवन निर्माण शाखा में संयंत्र स्थापना के लिए आवेदन किया जाता है। जहां से अनुमति मिलने के बाद भी संयंत्र निर्माण का काम शुरू किया जाता है।

# सड़क किनारे अतिक्रमण पर निगम की कार्रवाई



व्यापारियों को निर्देश देते निगम व यातायात कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहरी क्षेत्रों में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार की सुबह नगर निगम व पुलिस की टीम ने बुधवारी मेन रोड से घंटाघर तक सड़क किनारे दुकान लगाकर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को पहले समझाइश दी, जिसके बाद नहीं मानने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवारी स्थित सड़क किनारे कंबल और कपड़े बेचने वाले लोगों को भी पहले समझाइश दी थी, इसके बाद उन्हें नोटिस जारी किया गया है कि अगर 24 घंटे के भीतर दुकान को सड़क से अंदर नहीं किया गया, तो सामान की जब्ती की कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल सभी दुकानदारों ने टीम को देखकर अपनी दुकानें सड़क से अंदर कर ली हैं। आने वाले दिनों में वे अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुधवारी से लेकर घंटाघर तक ऐसे लगभग 14 दुकान हैं, जिन पर कार्रवाई हो सकती है। नगर निगम की ओर से सड़क किनारे लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है, लेकिन सड़क के किनारे अक्सर ठेले और दुकानदार कब्जा कर बैठे रहते हैं। घंटाघर चौक के पास कई ऐसे मोबाइल दुकान, ठेले और दूध व्यवसायी तथा फूल बेचने वाले हैं, जिनके चलते लोग सड़क पर ही वाहन खड़ी कर देते हैं। शहर के बुधवारी, घंटाघर, सुभाष चौक के अलावा कोसाबाड़ी मुख्य चौक पर सड़क किनारे दुकान लगाते देखा जा सकता है। हालांकि, एक तरफ कार्रवाई होती है, वहीं दूसरी तरफ कुछ दिनों में फिर से लोग सक्रिय हो जाते हैं। नगर निगम को इस बार कड़ा कदम उठाकर स्थायी समाधान सुनिश्चित करना चाहिए।

# लूटपाट करने वाले एक नाबालिग सहित चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

विगत दिनों एक युवक मोटर सायकल में सवार होकर किसी काम से पड़ोसी जिला गया हुआ था वहां से काम निपटाकर वापस आ रहा था कि युवक का रास्ता रोककर उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीसागरपारा निवासी प्रीतेश मिर्जा उम्र 24 साल पिता सोहन मिर्जा शनिवार को अपने मोटर साइकिल में सवार होकर पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के पंतोरा गया हुआ था वहां से शाम 5.30 बजे कोरबा आ रहा था कि उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरदा के समीप पहुंचा था कि कुछ युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और उससे पैसे की डिमांड की जब उसने पैसा देने से इनकार कर दिया तो उसके साथ मारपीट की घटना की अंजाम दिया और पर्स और मोबाइल को लूटकर फरार हो गये थे। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 310(2), 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था और मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सूरज कुमार खुटे पिता हरिचरण खुटे उम्र 20 वर्ष, आकाश ज्वाला पिता छतराम ज्वाला उम्र 19 वर्ष, कथरीमाल उरगा निवासी आकाश लहरे पिता बलदाउ राम लहरे उम्र 18 वर्ष सहित एक विधि से संघर्षरत बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास कब्जे से पृथक-पृथक 4 नग रग्जिन का बेल्ट, आहत से लूटे हुए 2000 रूपये में से हिस्सा बटवारा के बाद बचे कुल 400 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकिल होण्डा साईन कमांक सीजी 12बीबी 1620 को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीगणों के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। मामले में फरार अन्य आरोपियों का पता तलाश जारी है।

# पुलिस की वर्दी पहनकर बर्खास्त आरक्षक कर रहा था गाड़ी की चेकिंग, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस बल से बर्खास्त आरक्षक का नया कारनामा फिर से सामने आया है, जहां उसने पुलिस की वर्दी पहनकर एक मोटर सायकल सवार का रास्ता रोक कर उसे धमकाते हुए दस्तावेज की मांग की थी। मामला सामने आते ही पुलिस ने बर्खास्त आरक्षक के खिलाफ फिर से मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अग्रोहा मार्ग निवासी लुकेश गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 25 नवंबर की दोपहर लगभग 12 बजे अपने मोटर सायकल में सवार होकर आ रहा था। इसी दौरान फोकटपारा के पास पहुंचा था कि इसी दौरान शत्रुहन उरांव जो पुलिस की वर्दी में तैनात था

**खास बात**

- कोतवाली थाना क्षेत्र के अग्रोहा मार्ग की घटना, एक दिन पहले ही चोरी का मामला हुआ था दर्ज

और उसकी गाड़ी रोक कर उसे धमकाते हुए उसे गाड़ी का कागजात नहीं देने पर उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की धमकी देता रहा। बाद में जब लुकेश गुप्ता का एक अन्य परीचित मोनू विश्वकर्मा मौके पर पहुंचा और शत्रुहन उरांव से पूछने लगा तो उसे देखकर शत्रुहन उरांव मौके से फरार हो गया। लोकेश गुप्ता की रिपोर्ट पर पुलिस ने बर्खास्त आरक्षक शत्रुहान उरांव के खिलाफ बीएनएस की धारा 205 के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। ज्ञात रहे कि एक दिन पूर्व ही इसी आरक्षक के खिलाफ पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया था। शत्रुहान उरांव व उसके साथी ने मिलकर शहर के अलग अलग क्षेत्रों से चार मोटरसायकल की चोरी की थी। इस मामले में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया था और मोटरसायकल भी जब्त किया था।

## खाद्य सामग्री उठाने के बाद जमा नहीं कर रहे राशि

# ग्रामीण क्षेत्रों की पीडीएस दुकानों को जारी होगा वसूली का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य विभाग के अंतर्गत आने वाली ग्रामीण अंचलों की उन पीडीएस दुकानों को नोटिस जारी की जा रही है जो खाद्य सामग्री उठाने के बाद उसकी राशि विभाग में जमा नहीं कर रहे हैं। विभाग के द्वारा ऐसे पीडीएस दुकानों को पूर्व में भी नोटिस जारी की जा चुका है।

खाद्य विभाग के अंतर्गत पीडीएस दुकानों के लिए दो व्यवस्थाएं बनाई गई है। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की पीडीएस दुकानों को खाद्य सामग्री उठाने के बाद राशि जमा करने की सुविधा दी गई है। वहीं शहरी क्षेत्र में पीडीएस दुकान संचालकों को अग्रिम राशि जमा करने के बाद खाद्य सामग्री उठाने की व्यवस्था दी गई है। इस व्यवस्था से ग्रामीण क्षेत्रों के पीडीएस दुकान संचालकों को एक बड़ी राहत मिली है लेकिन कुछ दुकान संचालक इस व्यवस्था का फायदा उठा रहे हैं। खाद्यान्न सामग्री उठाने के बाद भी सही समय पर बिक्री की गई खाद्यान्न सामग्री की राशि जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे 12 पीडीएस दुकान सामने आये हैं जिनके उपर पूर्व से पीडीएस सामग्री के वितरण के कई तरह के गड़बड़ियों के शिकायतें सामने आयी है और विभागीय जांच भी हुई है किंतु उसके बावजूद इनके द्वारा गड़बड़ियों पर ना रोक लगी और ना ही विभाग को खाद्यान्न सामग्री का पैसा दिया जा रहा है। ऐसे दुकान संचालकों को खाद्य विभाग ने नोटिस जारी कर पैसा जमा करने के निर्देश दिए हैं। राशि जमा नहीं होने की स्थिति में इनके निलंबन की कार्यवाही भी की जाएगी।



फाइल फोटो

**खाद्य निरीक्षकों को मिली है निरीक्षण की जिम्मेदारी**

ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकानों के द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरते जाने की शिकायतों पर पूर्व से ही जांच की जा रही है और अब खाद्य सामग्री के वितरण कार्य का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी खाद्य निरीक्षकों को दी गई है। उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री के स्टॉक एवं वितरण का भी रिकार्ड चेक करना होगा। इसके साथ ही खाद्यान्न सामग्री का वितरण का मिलान भी करना होगा।

**ग्राम सभा करती है पारित**

पीडीएस दुकानों के लिए ग्राम सभा उचित मूल्य दुकान के आबंटन की प्रक्रिया के लिए चर्चा होती है। किस गांव में दुकान की आवश्यकता है या नहीं उसके बाद विभाग उस प्रस्ताव के आधार पर दुकान आबंटन करता है। इसके साथ ही दुकान संचालकों को यह निर्देश दिया जाता है कि खाद्यान्न सामग्री की स्टॉक को नोटिस बोर्ड में उल्लेखित करें।

### गणना प्रपत्र में असत्य जानकारी नहीं भरने की अपील

**कोरबा।** राज्य में 1जनवरीकी अर्हता तिथि को देखते हुए मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 4नवंबरसे प्रारंभ हो गया है। निर्वाचको को गणना प्रपत्र का वितरण लगभग पूर्ण कर लिया है और वर्तमान में गणना प्रपत्रों के संग्रहण व डिजिटलीकरण का कार्य प्रगति पर है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में सहयोग दें। यदि मृत व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करना, जो अब भारतीय नागरिक नहीं रहा है या ऐसे निर्वाचक जिनका नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज है, और वह एक से अधिक स्थानों के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करता है और इस प्रकार गणना प्रपत्र में गलत या असत्य जानकारी की घोषणा करता है जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा31 के तहत दंडनीय है।

## खबर संक्षेप

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टोरेट का घेराव आज

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस द्वारा यह घेराव सड़कों की दुर्दशा, बिजली बिल के नाम से आमजनों से हो रही वसूली और धान खरीदी में व्याप्त भारी अव्यवस्था समेत बिलासपुर जिले में छोटे जमीन की रजिस्ट्री में अघोषित रोक एवं भूमि, भवन की रजिस्ट्री दरों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध तथा गरीबों के झोपड़ियों में बुलडोजर चलाने के विरोध में किया जाएगा। ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने बताया कि घेराव से पहले कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में एकत्रित होंगे, उसके बाद कलेक्टोरेट घेराव के लिए रवाना होंगे।

### अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में बच्चों का अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, वर्ष 2022 में सेंदरी निवासी शुभम भारद्वाज पिता भूपेन्द्र भारद्वाज के द्वारा बच्चों की अश्लील पौर्न वीडियो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में अपलोड कर शेयर किया गया था। पुलिस ने जांच के बाद 67 बी आईटी एक्ट, 15, 2 पाक्सो एक्ट व बीएनएस की धारा 238 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### करंट से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** साइन बोर्ड लगाने के दौरान हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आकर झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, मस्तूरी भदौरा निवासी अजय खरे पिता हेमंत खरे 26 साल सिरगिट्टी क्षेत्र के आरके रेसीडेंसी के पास किराए में दुकान लिए हैं। 22 नवंबर को दुकान के उपर साइन बोर्ड लगा रहे थे। इसी दौरान हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आकर झुलस गए थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 26 नवंबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### पांचवी की छात्रा को 50 रुपए देकर छेड़खानी

**बिलासपुर।** घर में घुसकर सो रही पांचवी की छात्रा को उठाकर 50 रुपए देकर छेड़खानी करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक पांचवी कक्षा की छात्रा 23 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे घर में टीवी देखते हुए सो गई। इसी दौरान ग्राम धनिया निवासी योगेश शर्मा पिता प्रमोद शर्मा घर में घुसकर छात्रा को उठाकर 50 रुपए देने लगा। छात्रा ने मना किया तो वह उसके साथ अश्लील छेड़खानी करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर वह घर से निकलकर भाग गया था। 24 नवंबर को रात 8.30 बजे छात्रा गांव पैदल आ रही थी। इसी दौरान योगेश शर्मा बाइक से आया और छात्रा का हाथ पकड़कर जबरदस्ती बाइक में बैठाने की कोशिश करने लगा। हाथ छुड़ाकर छात्रा भागकर घर गई और अपने पिता को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने छात्रा के पिता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 74, 75, 2, 333 व 8, 10 पाक्सो एक्ट के तहत युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## बनने लगी सड़क...





### वर्षों बाद हो रही सड़क की मरम्मत

**बिलासपुर।** गौरव पथ पर नर्मदा नगर चौक के आगे का एक हिस्सा पिछले कई सालों से धंस गया था। सड़क के नीचे अंडरग्राउंड सीवरेज की पाइप लाइन होने के कारण यह हिस्सा लगातार दबता जा रहा था, बारिश होने पर इस हिस्से में पानी भर रहा था, जिससे आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब निगम ने इस हिस्से की मरम्मत का काम शुरू कराया है। सड़क उखाड़कर बनाई जा रही है। इससे आने वाले दिनों में समस्या दूर होने की संभावना है। हालांकि इस सड़क के निर्माण के चलते नर्मदा नगर चौक से आगे ट्रैफिक आधी सड़क पर चल रहा है, जिससे रह रहकर जाम लग रहा है।

### मल्हार स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में दिन भर हंगामा, धरने पर बैठे छात्र

# टायलेट टूटे, दीवारों में सीपेज... छात्र की मौत से भड़का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मल्हार स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में दसवीं कक्षा के छात्र की मौत के बाद छात्रों का आक्रोश बुधवार को भड़क गया। छात्र-छात्राओं ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्कूल गेट के सामने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया और दिन भर धरने पर बैठे रहे। छात्र कलेक्टर को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। हालांकि, कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छात्र की मौत को गंभीर माना और मस्तूरी एसडीएम को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

मामला मल्हार स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय का है। छात्र हर्षित यादव की मौत के बाद छात्रों ने भी इलाज में देरी और लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। नाराज छात्र और छात्राएं प्रबंधन के खिलाफ बुधवार को नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतर आए। जिसके बाद स्कूल गेट के बाहर बैठकर धरना-प्रदर्शन करने लगे। उनका कहना है कि हर्षित की तबीयत बिगड़ने पर न समय पर इलाज मिला और न ही एंबुलेंस की व्यवस्था की गई। समय रहते उसका इलाज होता तो उसकी जान बच जाती। लेकिन, प्रबंधन की लापरवाही और मनमानी के चलते उसकी हालत गंभीर होती चली गई। समय पर इलाज नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई।



स्कूल के बाहर विरोध प्रदर्शन करते बच्चे।

#### मजबूरी में बाइक पर बैठाकर ले गए पिता

मजबूरी में पिता ने बेटे को कपड़े से बांधकर बाइक पर बैठाया और बिलासपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने बताया कि उसे निमोनिया है और इलाज में देर नहीं होनी चाहिए थी। इसके बाद पिता हर्षित को घर ले आए। रविवार को हर्षित घर पर ही रहा, लेकिन सोमवार सुबह उसकी हालत अचानक फिर बिगड़ गई। परिवार उसे दोबारा बिलासपुर के उसी अस्पताल ले गया, जहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

#### हॉस्टल की हालत बहुत खराब

छात्रों ने बताया कि हॉस्टल की हालत बहुत खराब है। टॉयलेट टूटे हुए हैं, दीवारों में सीपेज है, पंखे नहीं चलते और सफाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। 500 छात्रों के लिए सिर्फ 3 सफाई कर्मचारी हैं, जिसके कारण हॉस्टल और शौचालयों में हमेशा गंदगी और बदबू रहती है। छात्रों ने कहा कि प्री-बोर्ड परीक्षा चल रही है, फिर भी उन्हें सड़क पर उतरकर विरोध करना पड़ रहा है। इसलिए कलेक्टर को आकर स्कूल की खराब स्थिति खुद देखनी चाहिए।

#### मामला गंभीर है

स्कूल में छात्र की मौत का मामला गंभीर है। प्रशासन इसे गंभीरता से ले रहा है। इस मामले की जांच के लिए मस्तूरी एसडीएम को निर्देशित किया गया है। उन्हें जांच कर तत्काल रिपोर्ट देने कहा गया है।
**- संजय अग्रवाल** कलेक्टर

#### स्कूल में बेहद घटिया स्तर का भोजन

छात्रों ने आरोप लगाया कि स्कूल में बेहद घटिया स्तर का भोजन दिया जाता है। दाल में पीला पानी रहता है और दाल नहीं रहती। वहीं, सब्जी में केवल उबला आलू परोसा जाता है, जिसे छात्रों को मजबूरी में खाना पड़ता है। छात्रों ने बताया कि कई बार प्रबंधन से शिकायत की गई। लेकिन समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता रहा। उलटे शिकायत करने पर डांटकर चुप करा दिया जाता था। दरअसल, शनिवार 22 नवंबर को स्कूल ने हर्षित के घर फोन करके बताया कि उसकी तबीयत खराब है। जब उसके पिता जयप्रकाश यादव स्कूल पहुंचे, तो हर्षित की हालत बहुत गंभीर थी। उन्होंने उसे अस्पताल ले जाने के लिए स्कूल की गाड़ी मांगी, लेकिन प्रबंधन ने कहा कि प्राचार्य गाड़ी लेकर मीटिंग में गए हैं, इसलिए बाहर से खुद इंतजाम करें या बाइक से ले जाएं।

#### नवोदय प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग

हर्षित के पिता जयप्रकाश यादव ने बताया कि स्कूल ने बच्चे की तबीयत बिगड़ने की जानकारी समय पर नहीं दी। जब हालत बहुत खराब हो गई, तभी उन्हें फोन किया गया। न तो समय पर इलाज मिला और न ही स्कूल ने अस्पताल ले जाने में कोई मदद की। प्रबंधन ने सिर्फ इतना कहा कि गाड़ी प्राचार्य लेकर गए हैं। इलाज में हुई देरी की वजह से उनके बेटे की जान चली गई। पिता ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं- एक बेटा और एक बेटी। हर्षित मेधावी था और प्रतियोगी परीक्षा के जरिए नवोदय में चयनित हुआ था, जबकि बेटी ने एमएससी किया है। उन्होंने नवोदय प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि जिम्मेदार लोगों पर सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि किसी और अभिभावक को ऐसा दर्द न सहना पड़े।

## लापता व्यक्ति की तालाब में लाश मिलने से सनसनी



तालाब से लाश निकालती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिन से लापता व्यक्ति की तालाब में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया, तारबाहर बस्ती निवासी मो. रिजवान पिता मो शामी खान 44 साल विगत 24 नवंबर की रात 3 बजे घर से बिना बताए निकल गए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी घर नहीं लौटने पर परिजन आसपास व रिश्तेदारी में पतासाजी की गई नहीं मिलने पर उनके द्वारा तारबाहर थाने में गुम इंसान कायम कायम कराया गया था। 26 नवंबर की सुबह डीपूपारा के लोगों ने तालाब में उसकी लाश देखे।

सूचना मिलते ही परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव तालाब से बाहर निकालकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### ट्रैक्टर व भारी वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत, दो घायल

**बिलासपुर।** अलग अलग दो घटनाओं में ट्रैक्टर व भारी वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं दो बालिकाएं घायल हो गई हैं। मस्तूरी थाना के एएसआई शिव चंद्रा ने बताया, बुधवार को पचपेड़ी चिल्हाटी निवासी सिद्धु केंवट पिता दिलहरण केंवट 20 साल हरदी जावलपुर से प्रीति साहू 19 साल, रिया साहू 13 साल को बाइक में बैठाकर वापस गांव लौट रहे थे। शाम 7 बजे मोहतरा चौक के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 10 एएल, 7072 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सिद्धु केंवट की मौके पर ही मौत हो गई। रिया साहू को पैर टूट गया और प्रीति को गंभीर चोट आई है। दोनों बहनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरी घटना में यूपी निवासी आजम खान पिता गुलबाज खान 21 साल लिमतरा भारत माता रोड बनाने का काम करते थे। बुधवार की शाम वे बाइक से कहीं जा रहे थें। इसी दौरान लिमतरा के पास सड़क निमार्ण में चले भारी वाहन के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में आजम खान की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

## हो सकता है महिला असिस्टेंट लोको पायलट का बयान आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लालखदान रेल हादसे की जांच करने के लिए रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा बुधवार की देर रात हावड़ा-मुम्बई गीतांजली एक्सप्रेस से बिलासपुर पहुंच गए हैं। श्री मिश्रा संभवतः घटना की अंतिम कड़ी यानि लोकल ट्रेन हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई महिला असिस्टेट लोको पायलट से पूछताछ कर सकते हैं।

चार नवम्बर को कोरबा से बिलासपुर आ रही लोकल मेमू अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। करीब 74 किलोमीटर प्रति रफ्तार की स्पीड से चल रही लोकल ट्रेन के चालक विद्यासागर ने लाइन पर खड़ी मालगाड़ी देखने के बाद इमरजेंसी ब्रेक लगा दी, जिसके कारण ब्रेक यान, इंजन सहित पीछे लगे महिला कोच बेपटरी होने के साथ मालगाड़ी के वैगन पर चढ़ गए थे। इस जबरदस्त टक्कर में चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज सहित करीब 20 की संख्या में यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की जांच करने के लिए जिम्मेदारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन दक्षिण पूर्व सर्किल कोलकाता सर्किल के रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई। बोर्ड के आदेश पर सीआरएस बीके मिश्रा ने दूसरे दिन तत्काल बिलासपुर रेलवे में पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ करीब तीन दिन तक घटना से जुड़े विभाग के अधिकारी व स्टाफ सहित अन्य लोगों से पूछताछ की। इस पूछताछ में घटना की मुख्य अभियुक्त महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज का बयान नहीं हो सका।

एएलपी रश्मि राज की हालत एक्सीडेंट के बाद काफी खराब हो गई थी, जिसकी तबीयत सुधरने का इंतजार किया जा रहा था। करीब 18 दिन के बाद रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा एक बार फिर वापस बिलासपुर पहुंच गए हैं। गुरुवार को श्री मिश्रा महिला एएलपी रश्मि राज के घर जाकर उनसे पूछताछ कर सकते हैं, जिसे लेकर संबंधित विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

#### सबकी छुट्टी हो गई रद्द

रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा गीतांजली एक्सप्रेस से देर रात बिलासपुर पहुंच गए। सीआरएस के आने से पहले सूचना जोन मुख्यालय एवं डिवीजन के अधिकारियों को मिल चुकी थी। इस दौरान आपरेटिंग, इंजीनियरिंग, एसएंडटी, मैकेनिकल सहित अन्य विभाग के अफसरों ने अपने साथ सभी स्टाफ के गुरुवार की छुट्टी को अचानक केंसिल कर दी है, ताकि सीआरएस कभी भी किसी को पूछताछ के लिए बुलाएं तो वे तत्काल उनके पास पहुंच जाएं।

### सिम्सकर्मी के सूने मकान में चोरों का धावा, एक माह बाद लिखाई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** सिम्सकर्मी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर जेवर, नकद व अन्य सामान चोरी कर लिया। मकान मालिक ने एक माह बाद चोरी की रिपोर्ट लिखाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सीएमएचओ आफिस कैम्पस निवासी अमरूराम साहू पिता प्यारेलाल साहू सिम्स हास्पिटल में रेडियोग्राफर है। 19 अक्टूबर को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर वे परिवार के साथ पैतृक गांव सहाड़ा भवानीपुर बलौदाबाजार चले गए थे। 21 अक्टूबर को वे वापस घर आए तो सामान अस्त व्यस्त व आलमारी खुली मिली। पीछे का दरवाजा खुला था और बरामदे की लकड़ी की खिड़की टूटी हुई थी। आलमारी से चांदी का पायल, अंगूठी, 3 हजार रुपए नकद, कम्प्यूटर का हार्डडिस्क, मदरबोर्ड, ग्राफीकार्ड, मेमोरी कार्ड, माउस, वीडियो गेम, वीडियो कैमरा, बैग चोरी हो गया था। पारिवारिक कारणों से वे बाहर चले गए थे। एक माह 25 नवंबर को उन्होंने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कार में तोड़फोड़ कर आफिस में आग लगाने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कार में तोड़फोड़ कर आफिस में आग लगाने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि जबड़ापारा निवासी संदीप कुमार साहू पिता रमेश साहू 26 साल अपोलो हास्पिटल के पास आरके एम्बुलेंस सर्विस एंड ट्रेवल्स नाम से आफिस चलाते हैं। 15 अक्टूबर की रात दो कार व एक एम्बुलेंस खड़े कर आफिस बंद कर घर चले गए थे। देर रात रामनगर लिंगियाडीह निवासी राजेन्द्र राजपूत उर्फ केसरी पिता रघुनाथ राजपूत 24 साल ने गाड़ियों में तोड़फोड़ कर आफिस में आग लगा दी और भाग गया। पुलिस ने संदीप साहू की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 324, 2, 351, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। बुधवार को पुलिस ने फरार आरोपी राजेन्द्र राजपूत उर्फ केसरी को गिरफ्तार कर लिया है।

## पिकनिक मनाने गए युवक का घर के समीप कुएं में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिकनिक मनाने के नाम पर घर से निकले युवक की दो दिन बाद घर के समीप स्थित कुएं में शव मिला है। मृतक अपने साथियों और स्कूली बच्चों के साथ मैनपाट गया था। युवक के लापता होने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। परिजन ने युवक के हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही मर्ग कायम किया है।

- परिजन ने जताई हत्या की शंका, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कुम्हरता निवासी 27 वर्षीय हरेन्द्र सिंह 23 नवंबर को कुछ स्कूली बच्चों और अपने साथियों के साथ पिकनिक मनाने के लिए मैनपाट गया हुआ था लेकिन वह वापस घर नहीं लौटा। युवक के घर नहीं आने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान यह बात सामने आई कि उसके साथियों ने मैनपाट से लौटने के बाद देर शाम को उसे गांव में ही छोड़ दिया था। युवक का सुराग नहीं मिलने पर परिजन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी जिसके बाद पुलिस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच कर रही थी। इसी बीच 25 नवंबर की शाम मृतक का भाई घर से 150 मीटर की दूरी पर स्थित कुएं से मवेशियों के लिए पानी लेने गया था जहां उसे कुएं में एक शव नजर आया।

## दस्तावेजों का परीक्षण नहीं होने से टली लमेर रेतघाट की नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लमेर रेतघाट की नीलामी के लिए पहुंचे आवेदकों को उस समय निराशा हो गई, जब आवेदनों की संख्या अधिक होने एवं दस्तावेजों का परीक्षण नहीं हो पाने के कारण नीलामी एक दिन के लिए आगे बढ़ा दी गई। सिंचाई विभाग के प्रार्थना भवन में बुधवार को टेंडर ओपन किया गया था, जिसमें 296 आवेदकों द्वारा घाट के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

टेंडर ओपन करने के दौरान निरतू की ही तरह लमेर रेतघाट के लिए भी आवेदकों द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन प्रस्तुत करना पाया गया। बुधवार को लमेर घाट की नीलामी के लिए बोलीदारों को सिंचाई विभाग के प्रार्थना सभा भवन बुलाया गया था। सारे बोलीदार एवं उनके प्रतिनिधि मौके पर निर्धारित समय में उपस्थित भी हो चुके थे। टेंडर खोलने के बाद कुल 296 आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करना पाया गया।

इतनी बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदनों व दस्तावेजों का परीक्षण तत्काल कर पाने में असमर्थता जाहिर करते हुए खनिज विभाग द्वारा बुधवार को होने वाली नीलामी की प्रक्रिया को स्थगित करते हुए एक दिन के लिए आगे बढ़ाया गया है। यह प्रक्रिया अब गुरूवार को सुबह साढ़े दस बजे प्रार्थना सभा भवन में पूरी की जाएगी।



- ओपन किया गया टेंडर, 296 आवेदकों ने की दावेदारी

#### आगे बढ़ा दी गई है नीलामी

टेंडर ओपन करने के दौरान 296 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके दस्तावेजों का तत्काल परीक्षण कर पाना संभव नहीं था। ऐसे में दस्तावेजों के परीक्षण के अभाव में लमेर रेतघाट की बोली एक दिन के लिए आगे बढ़ा दी गई है। उक्त नीलामी अब गुरूवार को आयोजित की जाएगी।
**-किशोर कुमार गोलघाटे,** उपसंचालक खनिज विभाग

## पूर्व डिप्टी सीएम ने एसआईआर के लिए किया डोर टू डोर जनसंपर्क

**अंबिकापुर।** मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में मतदाताओं के सहयोग के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बुधवार को अपने मतदान बूथ क्रमांक 128 से संबंधित क्षेत्र में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर प्रशासनिक तौर पर प्रचार प्रसार और जागरूकता का अभाव देख प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ ने निर्णय लिया था कि सभी वरिष्ठ नेताओं को उनके बूथ पर एसआईआर की प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। इसी तारतम्य में पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अंबिकापुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 128 में सम्पर्क किया। मतदाताओं से संपर्क के बाद उन्होंने कहा कि लगभग मतदाताओं को गणना प्रपत्र प्राप्त हो चुका है, लेकिन प्रपत्र प्राप्त होने के बाद मतदाता इसे भरने की जटिलता से जूझ रहे हैं। संपर्क के दौरान उन्होंने खुद कुछ मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को भरा। एसआईआर की इस पूरी प्रक्रिया में मतदाताओं को खुद को वैध साबित करने के भार को उन्होंने पुनः गलत बताया।

## खबर संक्षेप



### बाबा साहब की प्रतिमा पर किया गया माल्यर्पण

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला के द्वारा संविधान दिवस पर सुबह 11 बजे घंटाघर ऑडिटोरियम में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर सरजू अजय जिला अध्यक्ष भाजपा अजा मोर्चा, मीना लहरे, बबलू डहरिया, राजेश लहरे जिला महामंत्री भाजपा अजा मोर्चा, मनोज लहरे, लक्ष्मण श्रीवास, गुहाराम टंडन, पुष्पा खांडे, तुलसी सूर्यवंशी, निशा भारती एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान उद्देशिका का वाचन किया गया।

### अंबेडकर चौक में मनाया सविधान दिवस




कुसमुंडा अंबेडकर चौक में संविधान दिवस पर युवा वर्ग भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर चौक पर युवा संगठन के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार राठौर, बांकीमोंगरा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, विकेश झा, आरती लखन, राजेश पटेल सालिक राम दुबे, रामेश्वर सोनी, अभिषेक पटेल, रविंद्र पटेल व युवा संगठन के अभिलाष यादव उपस्थित थे।

### सूत सारथी की ब्रह्मर्षि जयंती 5 को

**कोरबा।** नगर पालिका कटघोरा में श्री ब्रह्मर्षि सूत महाराज की जयंती को 5 दिसबर को मनाया जाएगा। इसमें समाज के बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं सदस्य गण भी उपस्थित रहेंगे। समाज की मुख्य उद्देश्य सामाजिक संगठन को मज़बूत करना। आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना एवं शिक्षा पर विशेष जोर देना आदि विषय पर चर्चा किया जाएगा। इसमें समाज के सलाहकार की निर्देश पर कार्य करने की प्रेरणा भी लिया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक भाषण चुटकुला भी प्रस्तुत किया जाएगा। समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा समाज को नए दिशा देने का चेष्टा भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पार्षद गण, किसान मोर्चा के अध्यक्ष कि गौरव मई उपस्थिति रहेगा।

### नशा मुक्त राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ



**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोरबी धतूरा, विकास खंड पाली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत रतिजा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का विषय नशा मुक्त समाज के लिए युवा रखा गया है और इसका आयोजन 21 से 27 नवंबर तक प्राथमिक माध्यमिक शाला प्रांगण, रतिजा में किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्रमुख एवं शिविर संरक्षक प्राचार्य वीरभद्र सिंह पैकरा के निर्देशानुसार की गई। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, सरस्वती माँ और छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण, श्रीफल, तिलक और पुष्प अर्पित कर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। शिविर में कुल 51 स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती कविता बाई कंवर सरपंच रतिजा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर गोविंद राम देवांगन, संजय कुमार साहू, रविकांत मनढ़रिया, राजू प्रसाद सारथी कार्यक्रम अधिकारी, के मिंज उपस्थित रहे।

### खनिज न्यास मद से निर्मित सड़क में गड़बड़ी जांच की मांग

**कोरबा।** करतला ब्लाक के ग्राम पंचायत साजापानी में वर्ष 2019 में जिला खनिज न्यास मद राशि से निर्मित सड़क में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए उचित जांच करने तथा सड़क को तत्काल मरम्मत कराने के लिए छत्तीसगढ मानव अधिकार जे.जे.एफ के प्रदेश सचिव शिव चौहान ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। श्री चौहान ने आरोप लगाते हुए आगे बताया है कि ग्राम पंचायत साजानापी, जनपद पंचायत करतला में विगत वर्ष 2019 में इस ग्राम के मोहल्ला के केनाभाठा से गौटियापारा तक का सड़क निर्माण जिला खनिज न्यास मद राशि 5 लाख रूपये से किया गया। उक्त सड़क में भारी भ्रष्टाचार होने के कारण कुछ महीना में उखड़ने लगा वर्तमान में अधिकांश भाग उखड़ चुका है। आरोप लगाते हुए कहा की उक्त सड़क के नाला का पुल दरार हो चुका है। साथ ही उक्त सड़क के प्रबंधन ग्राम पंचायत पदाधिकारियों के द्वारा नहीं कर पाने के कारण वर्तमान में कुछ लोगों के द्वारा बेजा कब्जा कर अपने निस्तारी के अपशिष्ट पानी को इसी सड़क में बहाया जा रहा है।

## संविधान दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

# संविधान दिवस पर दफ्तर से सरोवर किनारे तक पढ़ा गया संविधान का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संविधान दिवस के अवसर पर सरकारी दफ्तरों से लेकर स्कूल कॉलेज के साथ अमृत सरोवरों में संविधान का पाठ पढ़ा गया। कहीं संविधान बचाने की शपथ ली गई। कहीं नारे लगे तो कहीं संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। साथ ही रैली निकालने के साथ बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

**खास बात**

- संविधान की मूल भावना के अनुसार जनहित में कार्य करने का संकल्प



शपथ लेते अधिकारी कर्मचारी।

भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को मनाए जाने वाले संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान अंगीकृत किए जाने की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल ने कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराते हुए शपथ दिलाई। अपर कलेक्टर श्री पटेल द्वारा दिलाई गई शपथ में भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने तथा सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय प्रदान करने, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने, प्रतिष्ठा एवं अवसर की समता उपलब्ध कराने और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ करने वाली बंधुता बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया। इसी तरह जिले के शासकीय कार्यालयों, ब्लाक मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए शपथ ली गई।

### कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ने आयोजित किया कार्यक्रम



कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ एवं जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कांग्रेसजनों एवं आम नागरिकों से सविधान की रक्षा करने का आव्हान किया। साथ ही संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया। इस दौरान पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि हमारा संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक गांरटी देता है। हमारा संविधान भारत को एक संप्रभु समाजवादी, धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाता हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव एवं मनोज चौहान ने कि संविधान को बनाने में वर्षो की मेहनत लगी। दिन रात के अथक परिश्रम से यह महान व पवित्र ग्रंथ तैयार हुआ। बताया जाता है कि संविधान लेखन में 432 पेन की निब घिस गई थी। कार्यक्रम के दौरान श्यामसुंदर सोनी, हरीश परसाई, सांसद प्रतिनिधि सुरेश सहगल, फरियाद अली, विकास सिंह, कृपाराम साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, गजानंद साहू, नारायण कुर्रे, रवि खुंटे, द्रोपती तिवारी, अमित सिंह, नितेश यादव, अजीत बर्मन, संगीता श्रीवास, विजय आदिले, पंचराम निराला, विजय आनंद, गोपाल यादव, संगीता जांगड़े, कुंजबिहारी साहू, माधुरी ध्रुव, शांता मंडावे, टिंकी महंत सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत ने संविधान की प्रस्तावना का कराया सामूहिक पाठन

संविधान दिवस के अवसर पर जिला पंचायत में सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठन कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान के महत्व, उसके मूल आदर्शों एवं मूल्यों से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री नाग ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है, जो प्रत्येक नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अधिकार देता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की उद्देशिका का पाठ कर उसके आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



### एनएसएस एवं वन विभाग का संयुक्त जनजागरूकता अभियान



भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा वन विभाग पसरखेत परिक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण एवं संवैधानिक चेतना के प्रति जन-जागृति लाने हेतु सोलवा ग्राम स्थित अमृत सरोवर परिसर में आयोजित किया गया। यह आयोजन एनएसएस द्वारा ग्राम मदनपुर में चल रहे 22 से 28 नवंबर तक के सात दिवसीय विशेष शिविर का विशेष भाग रहा। परिसर में संविधान-भावना, देशभक्ति और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता की ऊर्जा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। इस दौरान संविधान के संबंध में सहायक प्राध्यापक शिवदयाल पटेल सहित अजय कंवर, देवदत्त खांडे, वन विभाग के गुलाब सिंह, केशव प्रसाद सिदार, वनरक्षक अशोक यादव, सोढ़ीराम और दीपक कुजूर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अमृत सरोवर के तट पर खड़े होकर संविधान की शपथ ली और जल, जंगल एवं जमीन के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

### संविधान दिवस पर न्यायालय परिसर में गुंजा प्रस्तावना का स्वर

संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संतोष शर्मा के मार्गदर्शन में न्यायाधीशां ने किया संविधान की आत्मा प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व को सुदृढ़ करना और सभी को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा संविधान के मूल्यों का पालन करने तथा उन्हें अपने दैनिक आचरण में आत्मसात करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस कौंसिल के अधिवक्तागण, समस्त न्यायिक कर्मचारी एवं पैरालिगल वॉलिण्टियर्स उपस्थित रहे।



### अमृत सरोवर स्थलों पर मनाया गया संविधान दिवस



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, मनरेगा अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर स्थलों पर संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका व प्रस्तावना का सामूहिक पाठन किया गया तथा ग्रामीणों ने जल संरक्षण की शपथ लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़ उपरोड़ा स्थित अमृत सरोवर पर विशेष आयोजन हुआ,जहां सीईओ जनपद पंचायत खगेश निर्मलकर ने मनरेगा श्रमिकों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं, युवाओं व छात्रों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। कार्यक्रम में मनरेगा श्रमिक, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, आजीविका दीदियां, अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूह, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व छात्र उपस्थित रहे।

### सेजस चैतमा में निकाली गई संविधान रैली

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चैतमा में संविधान दिवस पर सामुहिक प्रस्तावना वाचन, संविधान रैली, चित्रकला, स्लोगन इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य चंद्राणी सोम ने बताया कि राष्ट्रीय संविधान संविधान दिवस के रूप में भी जाना जाता है। हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन का महत्व इसलिए है क्योंकि इसी दिन 1949 में भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था। इसके बाद, 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ। कार्यक्रम को वीरेंद्र कुमार बंजारे ने भी संबोधित किया। सुरेन्द्र सिंह नेटी ने संविधान का प्रस्तावना शिक्षक, कर्मचारियों, रासेयो स्वंय सेवक 5 सौ विद्यार्थियों ने प्रस्तावना का वचन कराया गया।



### सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय एचटीपीपी में मनाया गया सविधान दिवस



सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, एचटीपीपी दर्री में संविधान दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने इस दिवस को यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारी की थी और परिसर में कार्यक्रम का आरंभ प्रातः कालीन प्रार्थना से हुई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं प्राचार्य श्रीमति सुषमा बारस्कर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान ही हमारी पहचान है, यह हमारे अधिकारों, कर्तव्यों और देश की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। उन्होंने संविधान दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए बच्चों को संविधान का महत्व और उसमें निहित मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान सभी आचार्यों दीदी और विद्यालय के बच्चों ने मिलकर संविधान की शपथ ली।

# घर-घर गीला सूखा कचरा संग्रहित कर पृथकीकरण करना जरुरी : मोनिका



अभियान के दौरान उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की राज्य सलाहकार एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी श्रीमती मोनिका सिंह ने 25 नवम्बर को पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम कर्रा (सिंघिया), कापुबहरा, गुडरुमुडा, बांझीबन एवं दर्राभांठा का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने स्वच्छाग्रहियों एवं ग्रामीणों से गीला और सूखा कचरा पृथक करने तथा उसका वैज्ञानिक एवं उचित निपटान सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि घरों से निकलने वाले कचरे का अलग-अलग संग्रहण अत्यंत आवश्यक है, ताकि गीले कचरे से खाद तैयार की जा सके और सूखे कचरे का सुरक्षित पृथकीकरण एवं पुनर्चक्रण किया जा सके। उन्होंने स्वच्छाग्रहियों से गांव में संचालित कचरा कलेक्शन प्रणाली, खाद निर्माण प्रक्रिया और कचरा प्रबंधन की नियमितता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों को कचरा पृथकीकरण में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया और कहा कि कचरे का सही उपयोग किए बिना उसे समाप्त नहीं किया जा सकता। भ्रमण के दौरान श्रीमती सिंह ने गांवों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया तथा उनके नियमित उपयोग और रख-रखाव की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शौचालय के साथ निर्मित दुकानों को जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने से शौचालय के संचालन एवं देखरेख में आर्थिक सहायता मिलती है और ग्रामीण सुविधा निर्बाध रूप से चलती रहती है।

# एनएच प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने तथा अधूरे कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कटघोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कापूबहरा से जुराली तक राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसडीएम कटघोरा तन्मय खन्ना को स्पष्ट निर्देश दिए कि एनएच निर्माण से प्रभावित किसानों को शेष मुआवजा शीघ्र वितरित किया जाए, ताकि किसी भी किसान को प्रतीक्षा न करनी पड़े।

**खास बातें**

- कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग व जल संसादन संबंधी कार्यों का किया निरीक्षण
- बिंझरानाला एवं अन्य ग्रामों में स्टापडेम निर्माण की स्वीकृति



निरीक्षण करते कलेक्टर।

कलेक्टर अजीत वसंत ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधूरे निर्माण कार्य की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित एजेंसी को कार्य को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग का अधूरा निर्माण आमजनों की दैनिक आवाजाही को प्रभावित करता है, इसलिए कार्य में तेजी लाना आवश्यक है। यह भी उल्लेखनीय है कि कटघोरा नगरवासियों ने हाल ही में कलेक्टर से भेंट कर राष्ट्रीय राजमार्ग कार्य में हो रही देरी को लेकर चिंता व्यक्त की थी तथा निर्माण जल्द पूर्ण करने की मांग की थी। कलेक्टर ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए आज स्थल निरीक्षण किया। राष्ट्रीय राजमार्ग निरीक्षण के बाद कलेक्टर श्री वसंत ने पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम बिंझरा का दौरा किया। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ उन्होंने सालभर बहने वाले बिंझरा नाले का स्थल निरीक्षण किया। सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों द्वारा इस नाले में स्टॉपडेम निर्माण की मांग प्रस्तुत की गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि स्टॉपडेम बनने से 40 से 50 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे खरीफ के साथ रबी फसल एवं सब्जी उत्पादन में वृद्धि होगी। वर्षभर पानी उपलब्ध रहने से ग्रामीणों को आर्थिक लाभ मिलेगा और खेती की संभावनाएं बढ़ेंगी। ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री वसंत ने यहाँ डीएमएफ मद से स्टॉपडेम निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त ग्राम पोड़ी गोसाई एवं खोडरी के नालों में भी स्टॉपडेम निर्माण की मांग ग्रामीणों द्वारा रखी गई है। कलेक्टर ने इन दोनों स्थलों का निरीक्षण करने के लिए एसडीएम को निर्देशित किया है, ताकि आवश्यकतानुसार आगे की कार्यवाही की जा सके।

## राष्ट्र निर्माण व नशा मुक्ति पर वर्कशॉप कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढेलवाडीह

अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन दीया ग्रुप के द्वारा ढेलवाडीह के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्र निर्माण, एवं नशा मुक्ति पर विशाल डिवाइन वर्कशॉप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में जीवन निर्माण एवं नशा मुक्ति का संदेश सहित अनेक महत्वपूर्ण बातें पावर प्वाइंट प्रोजेक्टर के द्वारा छात्रों को बताई गई। वर्कशॉप को संबोधित करते हुए दीया छत्तीसगढ़ विस्तारक सविता साहू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आदर्श जीवन शैली अपनाएं और व्यक्तित्व को प्रखर बनाएं जीवन को सौभाग्य की तरह जीए। अपने जीवन से प्रस्तुत करें त्याग तप संयम और राष्ट्रनिर्माण सेवा का आदर्श युवा ही देश की शक्ति है और इस शक्ति को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना होगा। कार्यक्रम को कन्हैया चौहान ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डिवाइन ग्रुप विस्तारक सविता साहू, विस्तारक कन्हैया चौहान, उषा जायसवाल, लक्ष्मी पटेल, शगुन, कुसुम, अन्नपूर्णा, कौशल्या, लक्की जायसवाल, अशोक जायसवाल, प्राचार्य एवं शिक्षक इस वर्कशॉप में उपस्थित रहे।

## सीआईएसएफ ने स्कूली बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

**गेवरा दीपका।** विजयनगर बिंझरा स्कूल के छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं के कार्यों से प्रभावित होकर सीआईएसएफ सेना टीम के डिप्टी कमांडर नकुल वर्मा ने गेवरा इकाई के साथ ने इसके शैक्षिक व श्रमदान व विद्यार्थियों के सहयोग हेतु गोद लेने की घोषणा की। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रधान पाठक सर्वेश सोनी के निर्देशन व नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पुस्तकालय, कृति व कौशल बोध कक्ष व खेल यात्रा कक्ष का उद्घाटन किया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष धजाराम चौहान एवं प्रधानपाठक सर्वेश सोनी, समाजसेवी कन्हैया चौहान, प्राचार्य श्रीमती नीलू अवस्थी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शामिल असिस्टेंट कमांडर पुष्पेन्द्र सक्सेना व टी राजा, डीप्टी कमांडर नकुल वर्मा ने विद्यार्थियों को जूते मोजे कापी कलम पेन्सिल आदि भेंट किया। कार्यक्रम में शिक्षिका श्रीमती भीमेश्वरी राठौर, श्रीमती संध्या रानी ठाकुर, श्रीमती पुष्पलता महेश, श्रीमती लीली ग्रेस कुजूर, श्रीमती अनिता पटेल, कृष्टिना बारी, शैनाया चौहान, अनुष्का अनंत, विद्या, पूर्णीमा, हरि, आयुष, आरूष, शिवकुमार,चंद्र हास, नकुल, चैनराम यादव, सरिता, आनंद कुंवर यादव,ज्योति यादव, सूरज बाई उपस्थित रहे।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल
ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप

### कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**कोरबा।** बालकोनगर के परसाभाठा वार्ड के गली नंबर-3 (चंद्रा मोहल्ला) में नव दुर्गा महिला समिति द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 26 नवंबर को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ होगा। 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलने वाले संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का कथा वाचन प्रतिदिन 2 बजे से हरि इच्छा तक सरसिवां (सारंगढ़) की कथावाचिका भागवत मानस ब्यास देवी तन्नु पाठक जी द्वारा किया जाएगा। संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के मुख्य संरक्षक केदारनाथ अग्रवाल, संरक्षक पार्षद बद्री किरण व वरिष्ठ कार्यकर्ता एफडी मानिकपुरी है। मुख्य यजमान डॉ. एमएल चंद्रा व राजेश्वरी चंद्रा है।

### नए श्रम कानूनों के खिलाफ संयुक्त ट्रेड यूनियन का विरोध प्रदर्शन



**कोरबा।** संयुक्त केंद्रीय श्रमिक संगठन गेवरा क्षेत्र ने नए चार श्रम संहिताओं के विरोध में श्रमिक चौक में गेट मीटिंग व धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया गया। श्रमिक काला झंडा और काला फीता लगाकर सरकार से नए लेबर कोड वापस लेने की मांग करते दिखे। सभी वर्ग के मजदूरों ने कानूनों को श्रमिक विरोधी बताते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार जबरन लागू करने पर अड़ी रही, तो वे आंदोलन और भूख हड़ताल के लिए तैयार हैं। देशभर की तरह गेवरा में भी 26 नवंबर को श्रमिकों ने उद्योगिक संस्थानों के सामने खड़े होकर सरकार विरोधी नारे लगाए और चारों श्रम संहिताओं को तत्काल वापस लेने की मांग की। इस दौरान एचएमएस अध्यक्ष रेशम लाल यादव, एटक से एल पी अगरिया, इंटक अध्यक्ष देमंत मिश्रा, सीटू से जानाराम कर्ष मौजूद रहे।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को किया सम्मानित



**कोरबा।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक गणना पत्रक वितरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया गया। इस अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। विधानसभा क्षेत्र 22-कटघोरा के मतदान केंद्र अमरपुर, तेलसरा और कोरबी के बीएलओ संदीप कुमार जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद देवांगन और इन्द्र कुमार कौशिक को शतप्रतिशत गणना पत्रक वितरण एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने के लिए सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 23-पाली-तानाखार के मतदान केंद्र कुदरीकला, जाम बहार, बापापुती, कोठीखर्रा, हाथीबाड़ी और मादन के बीएलओ बालकृष्ण गुप्ता, संजय कुमार जायसवाल, श्रीमती साधना, नरेश कुमार साहू, श्रीमती ममता कंवर एवं सुशील कुमार शर्मा को सम्मानित किया।

### पारदर्शिता और तकनीकी सहूलियत किसानों को समय पर तुलाई

**कोरबा।** धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए खरीदी केन्द्रों में आधुनिक सुविधाएँ विकसित की गई हैं। सुव्यवस्थित तुलाई, पर्याप्त बारदाना उपलब्धता, सुरक्षित भंडारण, पेयजल, डिजिटल भुगतान और पारदर्शी प्रक्रिया ने किसानों के अनुभव को सहज बनाया है। कोरबा जिले के ग्राम अरदा निवासी किसान श्री कृष्ण कुमार सिंह एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं। अपनी एक एकड़ के आसपास भूमि में मेहनत से उपजे 12 क्विंटल 80 किलो धान को वे छुरी सहकारी समिति में बेचने पहुँचे, जहाँ उन्हें पूरी तरह आरामदायक, सुव्यवस्थित और पारदर्शी प्रक्रिया का अनुभव मिला। श्री सिंह ने बताया कि तुहर टोकन ऐप उनके लिए अत्यंत सुविधाजनक साबित हुआ- घर बैठे ही टोकन मिलने से उन्हें लाइन में नहीं लगना पड़ा।

## खनिज अधिनियम में किया गया संशोधन

# रेत ठेकेदारों को अब चार किस्तों में जमा करनी होगी रॉयल्टी की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खनिज अधिनियम में संशोधन किया गया है, जिसमें रेत ठेकेदारों को रॉयल्टी की राशि को चार किश्तों में जमा करना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए खनिज विभाग ने जिले के सभी रेत ठेकेदारों को आदेश जारी कर दिया है।

उल्लेखनीय की वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद जिले के एक दर्जन से अधिक रेत खदान चालू कर दिए गए हैं। पूर्व में खनिज विभाग द्वारा नियम बनाया गया था कि रेत खदान संचालित करने वाले ठेकेदारों को एक साल के भीतर रायल्टी की राशि कई किस्तों में जमा करनी होती थी, लेकिन इस बार खनिज अधिनियम में संशोधन किया गया है। बताया जाता है कि अब रेत ठेकेदारों को रायल्टी की राशि चार किस्तों में ही जमा करना होगा। जिले में मौजूदा स्थिति में नए अधिनियम के तहत दो खदान की ई नीलामी हुई है। जिसमें तराईमार को दुर्गाचरण बारिश व सिर्री खदान निर्मल दास को आबंटित किया गया है। आने वाले दिनों में खनिज विभाग द्वारा अन्य खदानों की ई नीलामी की जाएगी। इसके लिए खनिज विभाग ने फिर से तैयारी शुरू कर दी है। ठेकेदारों को खदानों को आबंटित होने के बाद उन्हें रायल्टी की राशि चार किस्तों में जमा करनी होगी। बताया जाता है कि रिवर्स आक्शन के तहत हो रही नीलामी में दूसरे चरण में लगभग आधा दर्जन रेत खदानों को शामिल किया जा सकता है। पहले चरण के नीलामी में दो खदानों को ही शामिल किया गया था।


फाइल फोटो

### पूर्व से संचालित हो रहा खदान

जिले में मौजूदा स्थिति में चुईया, घमोटा, ढुल्लापुर, धवईपुर, तरदा,भिलाईखुर्द, जोगीपाली, सिर्री 1, भैसामुड़ा, कुदमुरा 1, गितारी, चारपारा, बैरा, चिचोली, कछार, कटबितला रेत खदान खदान शामिल है, जो पूर्व अधिनियम के तहत ग्राम पंचायत संचालित कर रही है। बारिश के बाद ये रेत खदान चालू हो चुके हैं। बताया जाता है कि ई नीलामी में बिके रेत खदान भी जल्द चालू हो जाएंगे।

# गलत मुआवजा पत्रक मामले में सीबीआई की टीम ने राजस्व विभाग से गांव का कराया सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका खदान विस्तार में जमीन अधिग्रहण में गड़बड़ी और गलत तरीके से मुआवजा पत्रक बनाने के मामले में सीबीआई की जांच शुरू कर दी गई है। दो सदस्यीय सीबीआई की टीम ने पिछले दो दिनों से गांव में राजस्व अधिकारियों को बुला मामले की जांच की और मलगांव व अमगांव की सीमा का निर्धारण किया।

**खास बात**
- एसईसीएल दीपका खदान विस्तार के लिए जमीन अधिग्रहण में गड़बड़ी का मामला

एसईसीएल की दीपका खदान विस्तार के लिए ग्राम मलगांव की जमीन अधिग्रहण के मामले में गड़बड़ी की शिकायत पर सीबीआई की टीम जांच करने पहुंची है। सीबीआई की दो सदस्यीय टीम ने ग्राम मलगांव में पिछले दो दिन से जांच कर रही है। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को गांव बुलाकर गांव का सीमा निर्धारण भी करवाया। जिसके बाद सीबीआई की टीम अगले हफ्ते दोबारा आने की बात कह वापस लौट गई हैं। कोयला खदान के लिए अधिग्रहित गांव मलगांव की जमीन के मुआवजा में हुई हेराफेरी के मामले में अब सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) की इंट्री हो गई है। शुक्रवार को सीबीआई के अधिकारियों ने राजस्व विभाग को गांव मलगांव बुलाया। उनसे मलगांव की सीमा का निर्धारण कराया। यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह 11 बजे से शुरू हुई, जो शाम करीब साढ़े 4 बजे तक चलती रही। इस अवधि में सीबीआई की दो सदस्यीय टीम के अलावा हरदीबाजार के तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारी उपस्थित थे। सीबीआई के अफसरों के कहने पर उन्होंने मलगांव की सीमा का निर्धारण अपने पास मौजूद मैप से किया। जब मौके पर ग्राम मलगांव की सीमा का निर्धारण पूरा हो गया है, तो सीबीआई ने मौके पर उपस्थित राजस्व विभाग की टीम से पंचनामा तैयार कर मांगा, लेकिन राजस्व विभाग की टीम ने उन्हें बताया कि पंचनामा लेने के लिए उन्हें विधिवत आवेदन देनी होगी। तब सीबीआई के अधिकारी अगले हफ्ते फिर मलगांव आने की बात कह चले गए।

### यह है मामला

एसईसीएल की दीपका खदान विस्तार के लिए गांव मलगांव की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। गांव की की चल अचल संपति का निर्धारण कर मुआवजा बांटा गया है। इस मसले को लेकर सीबीआई से एक शिकायत की गई है। इसमें बताया कि मुआवजा के निर्धारण और वितरण में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। ऐसे लोगों को मुआवजा बांटा गया है, जिनका इस गांव से कोई संबंध नहीं है। गांव में उनकी मकान तक नहीं है। बावजूद इसके कागजों में फर्जी मकान दिखाकर मुआवजा तैयार कर वितरण कराया गया है। सरकारी खजाने से करोड़ो बांटे गए।

### जांच में फर्जी मुआवजे की पुष्टि

इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से भी हुई थी। प्रशासन ने राजस्व विभाग की टीम तैयार कर इसकी जांच कराई। जांच में फर्जी मुआवजा तैयार करने की पुष्टि हुई है। 1 जुलाई को जिला प्रशासन की ओर जारी एक जानकारी में बताया गया था कि छानबीन के दौरान 152 मकानों का पता चला, जो गांव में नहीं थे। फिर भी इसके लिए गलत तरीके से मुआवजा पत्रक बनाया गया। इसका खुलासा होने के बाद कटघोरा के तत्कालीन एसडीएम ने दीपका के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर मुआवजा वितरण पर रोक लगाने की मांग की थी।

# हर घर जल प्रमाणिकरण कार्य में गंभीरता से प्रगति लाने कलेक्टर ने दिया निर्देश


बैठक में उपस्थित पीएचई के अधिकारी कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक लेकर जिले में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत चल रही जल आपूर्ति कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मिशन अंतर्गत जिले में किए गए कार्य एवं उपलब्धि की विस्तृत समीक्षा करते हुए समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**खास बात**
- कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की ली समीक्षा बैठक

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में स्वीकृत योजनाओं में स्त्रोत निर्माण स्थिति की जानकारी लेते हुए शेष स्थानों में आवश्यकता अनुसार स्त्रोत निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। हर घर जल प्रमाणिकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को इस योजना में गंभीरता से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही हर घर जल प्रमाणिकरण कार्य की रिपोर्टेड स्थिति में भी तेजी लाने निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने एकल ग्राम योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकियों को शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। साथ ही मल्टी विलेज योजना एतमानगर की कार्य प्रगति की भी जानकारी लेते हुए अधिकारियों को योजना के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने निर्देशित किया। बैठक में क्रेडा विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत किए सोलर पंप आधारित मिनी जल प्रदाय योजना की जानकारी लेते हुए स्त्रोत निर्माण के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी टंकी निर्माण, सोलर डयूल पंपो की स्थापना सहित किए जा रहे अन्य कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं में गुणवत्ता, समयबद्धता और ग्रामीणों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि जल जीवन मिशन के तहत हर घर को सुरक्षित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। साथ ही अधिकारियों को कार्य प्रगति पर सतत निगरानी रखने एवं संचालित सभी कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# बुधवारी बाजार व टीपी नगर क्षेत्र में अवैध पार्किंग पर खड़े वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बाजार व टीपी नगर मार्ग में ज्यादातर बाइक चालक अवैध पार्किंग में अपनी वाहनों को पार्क कर देते हैं, जिसकी वजह से जिसकी वजह से मार्ग में गुजरने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खास तौर पर बुधवारी बाजार के दिन अवैध पार्किंग में भारी संख्या में वाहनों को पार किया जाता है और लगातार समस्या बढ़ती जा रही है। समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस फिर से एक्शन मोड में आई और अवैध पार्किंग को हटाकर मार्ग में लगे दर्जनों वाहनों को क्रेन से उठाकर चालान की कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार बुधवारी बाजार के दिन बाजार के आसपास लोग बड़े पैमाने पर सड़क के किनारे ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं, जिसकी वजह से मार्ग में गुजरने वाले राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह टीपी नगर क्षेत्र में पाम मॉल का संचालन मुख्य मार्ग में किया जाता है। पाम मॉल के बाहर रोड किनारे घेरा बनाकर अवैध पार्किंग संचालित किया जा रहा है, जहां सड़क से लगे हुए अवैध पार्किंग में बड़े पैमाने पर वाहनों को पार किया जाता है, जिससे इस मार्ग में आने जाने वाले लोगों को लगातार परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। खास तौर पर शाम के समय इस मार्ग में सबसे ज्यादा दबाव रहता है। लगातार शिकायतों के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात एएसआई मनोज राठौर व उनकी टीम ने बुधवार को बुधवारी बाजार मार्ग में क्रेन लेकर पहुंची, जहां सड़क पर पार्किंग करने वाले बाइक चालकों की वाहनों को उठाकर ले लाया गया। इसके उपरांत देर शाम को यह टीम टीपी नगर पाम मॉल के संचालकों को अवैध पार्किंग के खिलाफ सख्त कार्यवाही का निर्देश देते हुए पार्किंग को हटाने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क किनारे खड़े एक दर्जन से अधिक वाहनों पर कार्रवाई की गई और दिशा निर्देश दिया गया है कि आने वाले दिनों में यदि पार्किंग अवैध रूप से संचालित किया जाता है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


कार्यवाही करती यातायात पुलिस।

### सड़क किनारे से हटाए गए भारी वाहन

नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त अभियान चलायाते हुए आशीर्वाद भवन के समीप अव्यवस्थित तरीके से खड़े भारी वाहनों को हटवाया और आसपास सफाई व यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया। अधिकारियों का कहना है कि शादी कार्यक्रम के दौरान सड़क पर भीड़ बढ़ने की संभावना है, इसलिए वाहनों की आवाजाही सुचारू रखने के लिए यह कार्रवाई जरूरी थी। अभियान के दौरान वाहन मालिकों को नियमों का पालन करने की चेतावनी भी दी गई। स्थानीय लोगों ने पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे कार्यक्रम के दिन जाम और अव्यवस्था की समस्या नहीं होगी।



# अभिलेख दुरुस्त नहीं होने पर पटवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने तहसील कार्यालय पोड़ी उपरोड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली तथा चलित नस्ती एवं न्यायिक अभिलेखों के संधारण की स्थिति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों जैसे नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, सीमांकन आदि का समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कानूनगो शाखा, डब्ल्यूबीएन शाखा, रिकॉर्ड रूम, स्थापना शाखा सहित अन्य महत्वपूर्ण अनुभागों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पटवारियों द्वारा संधारित नस्तियों की जांच कर अभिलेखों की शुद्धता एवं सुव्यवस्थित रख-रखाव पर बल दिया। कलेक्टर श्री वसंत ने उपस्थित कर्मचारियों से उनके वेतनमान एवं सेवा संबंधी विवरण की जानकारी भी प्राप्त की तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान अभिलेख दुरस्त नहीं पाये जाने पर कलेक्टर ने सुतर्रा के पटवारी हरि किशन और तुमान के पटवारी संतोष तिवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा मनोज कुमार बंजारे, तहसीलदार उपस्थित थे।

# सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रविशंकर वाल्मिकी आवास निवासी संदीप अग्रवाल 52 वर्ष पिता स्व.मोविंद प्रसाद अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसकी भाभी निर्मला अग्रवाल कांशीनगर में अपनी पुत्री के साथ निवासरत है, जो 23 नवंबर को बिलासपुर खमरिया एक दशमात्र कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। इसी दौरान चोरों ने निर्मला अग्रवाल के सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित हजारों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कलेक्टर ने पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के धान खरीदी केन्द्र बिंझरा का किया निरीक्षण

# पात्र किसानों से गुणवत्तापूर्ण धान खरीदी करने हेतु केंद्र प्रबंधक को किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के आदिम जाति सहकारी मर्यादित धान खरीदी केन्द्र बिंझरा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उर्पाजन केन्द्र में पंजीकृत किसानों की संख्या, जारी टोकन, अब तक हुए धान खरीदी, राशि भुगतान एवं केंद्र में उपलब्ध बारदानों के सम्बंध में प्रबंधक से जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में धान भंडारण, स्टैकिंग व्यवस्था का भी अवलोकन करते हुए नए-पुराने बारदाना की उपलब्धता, बारदाना की गुणवत्ता सहित नमी परीक्षण यंत्र, इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, चौकीदार की व्यवस्था, सतत निगरानी हेतु सीसीटीवी की व्यवस्था का जायजा लिया।



कलेक्टर अजीत वसंत ने धान विक्रय करने वाले किसानों को भुगतान में किसी तरह की परेशानी न हो इसका ध्यान रखते हुए उनके खाते में त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र प्रभारी को केंद्र में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने एवं पात्र किसानों से गुणवत्तापूर्ण धान खरीदी करने हेतु निर्देशित किया साथ ही धान खरीदी की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश एसडीएम को दिए। उन्होंने कहा कि मूल किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो और केंद्र में अवैध धान की खरीदी बिल्कुल न की जाए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### फरसवानी में धान खरीदी की हुई बोहनी



आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित फ़रसवानी केंद्र में बुधवार को 7 किसानों से धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। 7 किसानों ने कुल 295.20 क्विंटल धान बेंचकर केंद्र में बोहनी कर दी। धान खरीदी केंद्र फरसवानी में मुख्य अतिथि के रूप में करतला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोक कंवर शामिल हुई। केंद्र में बोहनी के अवसर पर किसान रामचरण से 76 क्विंटल, परमेश्वर राठौर से 32, नरेंद्र कुमार से 22.40, संतोष कुमार साहू से 8.40, मनहरण राठौर से 114, जागेश्वर राम से 28 , मुकेश कुमार से 14.40 क्विंटल सहित कुल 295.20 क्विंटल धान की खरीदी हुई।

### चार किसानों ने बेचा धान

आदिम जाति सेवा सहकारी की समिति बिंझरा मे धान खरीदी का शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष जिला पंचायत पवन कुमार सिंह साथ में गांव के सरपंच चंद्रिका देवी, गणेश बाई सरपंच विष्णु यादव, विवेक मारकंडे, गंगा प्रसाद पटेल, अधिकारी कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे। इस दौरान चार किसानों द्वारा धान बेचा गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411